दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्ष :-04
अंक:-292
मुरादाबाद
13 February 2025
(Thursday)
पृष्ठ:-08
मूल्य:- 3.00 रुपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र–बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

राष्ट्रपति ने की यूनानी चिकित्सा पद्धति की सराहना, कहा– दवा उत्पादन के मामले में भारत अग्रणी

नई दिल्ली में यूनानी दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एकीकृत स्वास्थ्य समाधान के लिए यूनानी चिकित्सा में नवाचार- एक नई दिशा पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन हकीम अजमल खान को याद करने का अवसर है। कीम अजमल खान ने भारत में यूनानी चिकित्सा पद्धति का प्रसार किया।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को यूनानी चिकित्सा पद्धति की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत शिक्षा, अनुसंधान, स्वास्थ्य देखभाल और यूनानी प्रणाली की दवाओं के उत्पादन के मामले में दुनिया में अग्रणी है। नई दिल्ली में यूनानी दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एकीकृत स्वास्थ्य समाधान के लिए यूनानी चिकित्सा में नवाचार- एक नई दिशा पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन हकीम अजमल खान को याद करने का अवसर है।

उनके सम्मान में 2016 से इस दिन को यूनानी दिवस के रूप में मनाया जाता है। हकीम अजमल खान ने भारत में यूनानी चिकित्सा पद्धति का प्रसार किया। उन्होंने नवाचार के कई उदाहरण प्रस्तुत किए। उनके प्रयासों के कारण भारत में यूनानी चिकित्सा पद्धति को व्यापक रूप से अपनाया गया। राष्ट्रपति ने कहा कि आज भारत शिक्षा, शोध, स्वास्थ्य सेवा और यूनानी पद्धति में दवाओं के निर्माण के मामले में दुनिया में अग्रणी है।

उन्होंने खुशी जताई कि यूनानी पद्धति से जुड़े शोधकर्ता, चिकित्सक आधुनिक पद्धतियों और प्रौद्योगिकी के उपयोगी आयामों को अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि सम्मेलन में यूनानी चिकित्सा में साक्ष्य आधारित आधुनिक शोध प्रवृत्तियों और आयुष/पारंपरिक चिकित्सा के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और मशीन लर्निंग का उपयोग- संभावनाएं और चुनौतियां जैसे समकालीन विषयों पर चर्चा होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे देश ने स्वास्थ्य के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपनाया है। विभिन्न चिकित्सा प्रणालियों को उचित सम्मान देकर उन्हें सशक्त बनाने का प्रयास किया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के अनुसार यूनानी सहित आयुष चिकित्सा प्रणालियों को मुख्यधारा में लाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय चिकित्सा प्रणाली के लिए बने राष्ट्रीय आयोग के निर्देशन में यूनानी चिकित्सा के अनेक शिक्षण संस्थानों में अध्ययन और शोध कार्य चल रहा है। यूनानी मेडिकल कॉलेजों में एमडी और पीएचडी कार्यक्रम भी शुरू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यूनानी चिकित्सा विज्ञान को आगे बढ़ाने वाली नई पीढ़ियां ज्ञान और अनुभव की प्राचीन विरासत को मजबूत बनाएंगी।

संक्षिप्त समाचार

मुख्यमंत्री हिमंत ने की सिंगापुर के राष्ट्रपति से मुलाकात; विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा

हिमंत बिस्व सरमा ने 2022 में षणमुगरत्नम की असम यात्रा को भी याद किया और इससे जुड़ी कई बातों को साझा किया। बाद में सरमा ने सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन से मुलाकात की और चर्चा भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति के तहत विदेशी राष्ट्र के साथ असम के मौजूदा संबंधों को मजबूत करने पर केंद्रित रही।असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने मंगलवार को सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम से मुलाकात की। इस दौरान एशियाई देश के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सिंगापुर की दो दिवसीय यात्रा पर गए सीएम सरमा ने षणमुगरत्नम से मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों, विशेष रूप से आगामी 'एडवांटेज असम 2.0 निवेश शिखर सम्मेलन' को लेकर चर्चा की।उन्होंने कहा, %आज सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम से मिलना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात थी। उद्योग से जुड़े लोगों के साथ मुलाकात की और संभावित सहयोग पर चर्चा की। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने कहा कि सरमा ने सिंगापुर सरकार के स्वामित्व वाली कंसल्टेंसी कंपनी सुरबाना जुरोंग के वरिष्ठ अधिकारी लो चेर एक से भी मुलाकात की और असम में जारी परियोजनाओं पर चर्चा की। 'एडवांटेज असम 2.0 निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन' 25-26 फरवरी को गुवाहाटी में आयोजित किया जाएगा।

बजट पर चर्चा: वित्त मंत्री ने ममता सरकार पर साधा निशाना, कहा– TMC ने बंगाल में भ्रष्टाचार को संस्थागत बना दिया

लोकसभा में केंद्रीय बजट 2025-26 पर चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस शासित राज्य में मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को बजट पर चर्चा के दौरान पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि तृणमूल ने राज्य में भ्रष्टाचार को संस्थागत रूप दे दिया है। उन्होंने कहा कि तृणमूल ने संस्थानों को बर्बाद कर दिया है और वह शोषण का पर्याय बन चुकी है। लोकसभा में केंद्रीय बजट 2025-26 पर चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस शासित राज्य में मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार है। आम लोगों की कीमत पर इसके कार्यकर्ता फल-फूल रहे हैं। वित्त मंत्री ने कहा, यह विडंबना है कि तृणमूल कांग्रेस जो खुद को जमीनी स्तर पर आधारित पार्टी बताती है। अब लोगों का शोषण और उनके अधिकारों को छीनने का प्रतीक बन गई है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री आवास योजना को 2016-17 से लागू किया जा रहा है और केंद्र सरकार ने इस योजना के तहत 25,798 करोड़ रुपये जारी किए हैं। इस योजना के तहत अपात्र परिवारों को घर आवंटित करने की शिकायतें मिली हैं।उन्होंने कहा कि मनरेगा में भी भ्रष्टाचार की शिकायतें मिली हैं। मनरेगा के तहत 25 लाख फर्जी जॉब कार्ड बनाए गए हैं। लोगों के लिए आवंटित धन टीएमसी के कार्यकर्ताओं द्वारा लूटी जा रही है। उन्होंने कहा, टीएमसी ने हम पर वित्तीय नाकेबंदी के आरोप लगाए हैं। लेकिन तृणमूल कांग्रेस ने भ्रष्टाचार को संस्थागत बना दिया है, संस्थानों को खत्म कर दिया है और तृणमूल शोषण का पर्याय बन गई है।%मिड-डे मील घोटाला में हुआ%-भ्रष्टाचार के अन्य उदाहरणों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि 100 करोड़ रुपये का मिड-डे मील घोटाला हुआ है। पश्चिम बंगाल की अर्थव्यवस्था की खराब सेहत के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि पूंजी निर्माण 2010 में 6.7 प्रतिशत से गिरकर हाल के वर्षों में 2.9 प्रतिशत पर आ गया है। यह निवेश के प्रति आपकी शत्रुता का सीधा परिणाम है। राज्य में न तो नौकरियां हैं, न ही कारखाने हैं और न ही कोई दूरदृष्टि है। उन्होंने कहा कि एक समय भारत का औद्योगिक केंद्र (1947 में औद्योगिक उत्पादन में 24 प्रतिशत की हिस्सेदारी) बंगाल अब 2021 में 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ विनिर्माण में बहुत पीछे है। बंगाल की प्रति व्यक्ति आय वृद्धि 20 वर्षों से राष्ट्रीय औसत से पीछे है। 2021-22 में 23वें स्थान पर पहुंच गई।

अब रेंट एग्रीमेंट की भी होगी रजिस्ट्री.. रजिस्टर्ड एग्रीमेंट पर लिखी शर्तें ही होंगी कानूनी रूप से मान्य

उत्तर प्रदेश में अब रेंट एग्रीमेंट की भी रजिस्ट्री होगी। रजिस्टर्ड एग्रीमेंट पर लिखी शर्तें ही कानूनी रूप से मान्य होंगी। कोर्ट में दावा भी केवल रजिस्टर्ड एग्रीमेंट पर ही चलेगा। संपत्ति की सुरक्षा के लिए रेंट एग्रीमेंट की रजिस्ट्री को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए स्टाम्प शुल्क बेहद कम रखा जाएगा। एक वर्ष से ज्यादा के रेंट एग्रीमेंट पर न्यूनतम स्टाम्प शुल्क 500 रुपये से अधिकतम 20 हजार रुपये तक होगा। इसी के साथ रजिस्टर्ड एग्रीमेंट में लिखी शर्तें ही कानूनी रूप से मान्य होंगी, जिन पर कोर्ट में दावा किया जा सकेगा। इससे जुड़ा प्रस्ताव जल्द कैबिनेट में पेश किया जाएगा।स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने कहा कि इससे मकान मालिक और किरायेदारी से जुड़े विवादों में भी कमी आएगी। वर्तमान में किराये और अवधि के हिसाब से स्टाम्प शुल्क तय होता है।किरायेनामे को पंजीकृत कराने से मकान मालिक और किरायेदार दोनों का हित सुरक्षित रहेगा। पंजीकरण कराने के बाद एग्रीमेंट में लिखी शर्तों की ही कानूनी मान्यता होगी। रजिस्टर्ड एग्रीमेंट पर लिखी शर्तें ही होंगी कानूनी रूप से मान्य

दरअसल, अभी रेंट एग्रीमेंट में स्टाम्प शुल्क ज्यादा होने के कारण बहुत कम लोग इसे कराते हैं। उन्हीं पर दावा चलेगा। मौजूदा रेंट एग्रीमेंट एक्ट में प्रावधान 1 साल के रेंट एग्रीमेंट पर किराये का 2 फीसदी स्टाम्प शुल्क 5 साल के रेंट एग्रीमेंट पर 3 वर्ष के किराये का 2 फीसदी शुल्क 10 साल के रेंट एग्रीमेंट पर 4 वर्ष के किराये का 2 फीसदी स्टाम्प शुल्क 20 साल के रेंट एग्रीमेंट पर 5 वर्ष के किराये का 2 फीसदी स्टाम्प शुल्क 30 साल के रेंट एग्रीमेंट पर 6 वर्ष के किराये का 2 फीसदी स्टाम्प शुल्क 30 साल से ऊपर रेंट एग्रीमेंट पर बैनामे की तरह 7 फीसदी स्टाम्प शुल्क कैबिनेट की मंजूरी के बाद रेंट एग्रीमेंट नियम एक साल तक के एग्रीमेंट पर किराये का 2 फीसदी स्टाम्प शुल्क दो लाख रुपये तक के किराये पर केवल 500 रुपये स्टाम्प शुल्क पांच लाख रुपये तक के किराये पर महज 5000 रुपये स्टाम्प शुल्क एक करोड़ या इससे ज्यादा के किराये पर केवल 20000 रुपये स्टाम्प शुल्क एक करोड़ तक की प्रॉपर्टी पर महिलाओं को मिलेगी स्टाम्प छूट-संपत्ति में महिलाओं का अधिकार बढ़ाने के लिए राज्य सरकार बड़ा तोहफा देने की तैयारी कर रही है। एक करोड़ रुपये तक की प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री महिला के नाम करने पर एक फीसदी स्टाम्प छूट मिलेगी। यह सीमा अभी 10 लाख रुपये तक की प्रॉपर्टी पर है। जल्द इस प्रस्ताव को कैबिनेट में पेश किया जाएगा। स्टॉप एवं पंजीयन मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने बताया कि महिला सशक्तिकरण को लेकर राज्य सरकार संवेदनशील है। इसके अंतर्गत एक करोड़ की संपत्ति पर महिलाओं को छूट देने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। महिला के नाम रजिस्ट्री कराने पर स्टाम्प शुल्क में एक फीसदी की छूट दी जाती है। अधिकतम 10 हजार रुपये की छूट- वर्तमान प्रस्ताव के तहत कोई संपत्ति यदि एक करोड़ रुपये की है तो महिला के नाम रजिस्ट्री कराने पर 90 लाख पर 7 फीसदी फीसदी स्टाम्प शुल्क व 10 लाख पर 6 फीसदी स्टाम्प शुल्क का प्रावधान है। यानी अधिकतम 10 हजार रुपये की छूट मिलती है। स्टाम्प शुल्क 7 फीसदी के स्थान पर 6 फीसदी लगेगा-कैबिनेट से प्रस्ताव पास होने के बाद एक करोड़ की संपत्ति की रजिस्ट्री कराने पर स्टाम्प शुल्क 7 फीसदी के स्थान पर 6 फीसदी लगेगा। इस तरह अधिकतम एक लाख रुपये का फायदा होगा। पिछले बजट में केंद्र सरकार ने महिला कल्याण को लेकर लिए गए फैसलों पर खर्च होने वाले बजट का प्रावधान किया था। उम्मीद है कि एक करोड़ तक की संपत्ति पर एक फीसदी की छूट की राजस्व राशि का हिस्सा मिल सकता है। इससे पहले केवल पांच हजार रुपये में गिफ्ट डीड से भी महिलाओं के नाम करीब 4 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति की गई थी।

राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के अध्यक्ष को हटाने का 'सुप्रीम' आदेश; कहा– नियुक्ति कानून के अनुसार नहीं

आदेश डॉ. अमरागौड़ा एल. पाटिल द्वारा डॉ. खुराना की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर आया है। पद के लिए आवेदक पाटिल ने इस आधार पर नियुक्तियों को चुनौती दी थी कि खुराना के पास राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग अधिनियम, 2020 की धारा 4(2) और 19 के तहत अपेक्षित अनुभव नहीं है।सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग (एनसीएच) के अध्यक्ष को उनके पद से इस्तीफा देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि नियुक्ति कानून के अनुसार नहीं है। कर्नाटक हाईकोर्ट के एक आदेश को खारिज करते हुए न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने डॉ. अनिल खुराना को एक सप्ताह के भीतर पद छोड़ने का निर्देश दिया।पीठ ने कहा, प्रतिवादी को तत्काल अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना चाहिए।

तत्काल से हमारा तात्पर्य आज से एक सप्ताह के भीतर है, ताकि वह अपना काम पूरा कर सकें। हालांकि, इसमें वित्त से जुड़ा कोई भी नीतिगत निर्णय शामिल नहीं है। अध्यक्ष के पद की नियुक्ति के लिए नयी प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए।% यह आदेश डॉ. अमरागौड़ा एल. पाटिल द्वारा डॉ. खुराना की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर आया है। पद के लिए आवेदक पाटिल ने इस आधार पर नियुक्तियों को चुनौती दी थी कि खुराना के पास राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग अधिनियम, 2020 की धारा 4(2) और 19 के तहत अपेक्षित अनुभव नहीं है।शिक्षा में किसी से भेदभाव नहीं होगा, रोहिंग्या शरणार्थियों से संबंधित याचिका पर कोर्ट -शीर्ष अदालत ने रोहिंग्या शरणार्थियों से संबंधित एक याचिका पर सुनवाई अगले सप्ताह के लिए तय करते हुए बुधवार को कहा कि शिक्षा के मामले में किसी भी बच्चे के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा। याचिका में न्यायालय से अनुरोध किया गया है कि वह केंद्र और दिल्ली सरकार को दिल्ली में रोहिंग्या शरणार्थियों को सरकारी स्कूलों व अस्पतालों तक पहुंच प्रदान करने का निर्देश दे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने शिक्षा में किसी तरह के भेदभाव न करने की बात कही और कहा कि अदालत सिर्फ यह जानना चाहती है कि ये रोहिंग्या परिवार कहां रह रहे हैं, किसके घर में रह रहे हैं और उनका विवरण क्या है। एनजीओ 'रोहिंग्या ह्यूमन राइट्स इनिशिएटिव' की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कोलिन गोंजाल्विस ने कहा कि उन्होंने एक हलफनामा दायर कर विस्तृत जानकारी दी है और बताया है कि रोहिंग्या शरणार्थियों के पास यूएनएचसीआर (संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त) की ओर से जारी कार्ड हैं।

संपादकीय Editorial

Will Manipur be peaceful now?

Prime Minister Modi and Home Minister Amit Shah were forced to take the resignation of Manipur Chief Minister N. Biren Singh. Manipur has been burning due to ethnic violence and killings since May 3, 2023, but the Chief Minister was retained. Now the protest and rebellion has reached the level of no-confidence motion. On February 3, a total of 33 MLAs, including 19 BJP MLAs, came to Delhi and met the Prime Minister and the Home Minister and urged them to change the Chief Minister. It was warned that along with the no-confidence motion, BJP MLAs can also vote against the Chief Minister. The top leadership of the BJP felt that about 35 MLAs in the House of 60 are against it, so the fall of the state government is inevitable. Ultimately, Chief Minister Biren Singh was summoned and ordered to resign. This is such a political resignation, which was overdue long ago. Only the Prime Minister and the Home Minister know the secret of why Chief Minister Biren Singh was kept in office. The reality that the spark of rebellion can turn into flames was revealed in September-October itself. Then 19 BJP MLAs met the Prime Minister and the Home Minister under the leadership of Speaker Satyabrata Singh. During that time, the matter was cooled down due to Maharashtra elections, but Manipur continued to burn. The ethnic tension between the Meitei and Kuki communities in the state became so violent that more than 250 people have died so far. Nearly 60,000 people have become homeless. Nearly 5000 houses have been burnt. 386 religious places have been demolished. The mob burnt the houses of 6 MLAs including 3 ministers. Nearly 6000 cases of violence have been registered. CBI is investigating 11 serious cases among them. 6745 people are imprisoned. All these are government figures. The real data may be different and more. Manipur has become more horrific. Although Manipur has witnessed violence and killings during the Congress governments as well, but in the current times, women were publicly stripped naked and paraded on the streets. What could be more antisocial, chaotic and shameful situation than this! But the Chief Minister remained and the power games continued. The issue of Manipur also resonated strongly in the Parliament. It was also heard occasionally during the elections, but why this hell kept boiling for 21 months, the country may never get an answer to this! Of course, Biren Singh has submitted his resignation from the post of Chief Minister to Governor Ajay Kumar Bhalla. Bhalla has been the Union Home Secretary, in view of that experience, he was appointed as the Governor of Manipur. The question is, what will be the situation in Manipur after Biren Singh's departure? Can the era of peace return? Can the dispute over the status of Scheduled Tribes between Meitei and Kuki be resolved? Will the drug syndicate in Manipur be controlled and will the law of open border with Myanmar be amended? At the moment these questions seem very difficult and complicated. The rebel group is in favour of choosing Speaker T. Satyabrata Singh as their new Chief Minister. Is the top leadership of the BJP agreeable to his leadership?

AAP's existence in jeopardy, a plethora of challenges for the party

BJP's 27-year exile from power in Delhi has ended and the party is going to form the government in the national capital with an absolute majority. There are many reasons why BJP's victory in a small state is being considered so big. Until a month ago, it seemed impossible to defeat Aam Aadmi Party (AAP) in Delhi, because the party had been winning with a huge majority in two consecutive assembly elections. In the last assembly election itself, AAP had secured about 55 percent votes and 62 percent seats. In such a situation, it was believed that even if there was some discontent against it, the party would still reach the majority figure, but in the last three weeks, BJP turned the direction of the election wind and toppled AAP. AAP came into existence from the campaign against corruption, and BJP made this aspect a sore spot for AAP. BJP openly capitalized on the issue of corruption and imprisonment of AAP's top leaders, from Sheeshmahal to the party. Apart from this, issues like condition of roads, transport system, water supply and infrastructure were also raised. BJP assured the public that the schemes of AAP government related to free electricity, water and transport will not only be continued but will also be made more effective. The big tax relief given to the middle class in the budget also made the work of BJP easy. The remaining gap was covered by the complaining tone of AAP that due to the central government, they have to face problems in running the government. This created a fear in the minds of the public that handing over the keys of power to AAP will mean that the doors of governance in Delhi will not open smoothly. For AAP, which was in pole position before the elections, the defeat in Delhi is going to shake its roots. Even though the party has secured more than 40 percent votes, the defeat of big leaders like Arvind Kejriwal, Manish Sisodia, Satyendra Jain, Saurabh Bhardwaj and Somnath Bharti is going to cause deep pain. This shows how widespread public anger was against the party. The defeat of the big leaders has put the existence of the party in danger. Apart from Delhi, AAP, which is ruling Punjab, may have to face new difficulties there too. Apart from this, there will also be a challenge to stop the exodus of leaders. Since AAP does not have any core ideology, it does not have any major basis to save its existence. The party was trying to establish its roots in other states like Gujarat and Goa through the 'Delhi Model'. These efforts will now suffer a major setback. Elections are also to be held in Punjab after two years and the government there has no notable achievement. It has already suffered a major setback there in the Lok Sabha elections. During the Delhi elections, a big tussle was also seen in the opposition parties' front INDIAA. AAP and Congress, which fought the Lok Sabha elections together, fought the assembly elections separately. It is being said that AAP lost about a dozen seats because of Congress. However, the other aspect of this could also be that if AAP and Congress had fought together, then all the votes going against the state government would have gone to the BJP's account. Apart from these ifs and buts, before the elections itself AAP had threatened Congress that it would expel it from the opposition alliance. SP and Trinamool, Shiv Sena and NCP supported AAP in the elections despite not having any mass base in Delhi. Akhilesh Yadav even campaigned with Arvind Kejriwal. This did not do any good to AAP, on the contrary, the cracks within INDIAN came to the fore. This election proved to be a big blow for Congress as well. The party which has been in power in the state for three consecutive times has not been able to open its account in the last three assembly elections. The party may have hoped that the doors of new possibilities would open for it with the defeat of AAP, but the election results were disappointing. Despite a slight increase in the vote percentage, only three of its 70 candidates were able to save their deposits. The hope of a revival of Congress in the Lok Sabha elections is being shattered by one election after another. After the massive defeat in Haryana and Maharashtra after the Lok Sabha elections, and its clean sweep in Delhi, the party has come to the same point where it was before the 2024 general elections. It is natural that the position of the Congress will be weak in the coming elections and it will have to face tough bargaining with allies. On the contrary, the BJP is continuously maintaining its lead. In the Lok Sabha elections, it seemed that PM Modi's popularity and acceptability had decreased, but Haryana was the first to disprove this trend, while the Maharashtra elections confirmed once again that there is no alternative to Modi. If the entire Delhi election was fought on his guarantee, then this miraculous success will also go to Modi's account. This victory will further strengthen the position of the BJP in the NDA. The results of Delhi also proved that elections cannot be won only on the basis of freebies. After the defeat of BRS in Telangana and YSR Congress in Andhra, now the defeat of AAP in Delhi has shown that apart from freebies, more efforts will have to be made to woo the public. The message for the opposition front is that neither electoral victory nor public trust can be won by merely opposing Modi and BJP. In the Lok Sabha elections, it seemed that PM Modi's popularity and acceptance has decreased but Haryana was the first to refute this trend and then the Maharashtra elections confirmed once again that there is no alternative to Modi. If the entire election is fought on his guarantee, then this miraculous success will also go to Modi's account. This victory will further strengthen the position of BJP in NDA.

One country-one law begins, law and order will improve

Women's rights are limited in the personal law of some communities. With the implementation of UCC, women will get equal rights as sons on family property and Muslim girls will be prevented from getting married at a young age. There are still many types of divorces happening in the Muslim society, the brunt of which is being borne by women. With the implementation of the Uniform Civil Code, Uttarakhand became the first state in the country to do so after independence. After this, the Gujarat government has also talked about implementing the Uniform Civil Code (UCC). For this, it has formed a five-member committee. It would be good if this committee of the Gujarat government keeps in mind the criticisms that are being made regarding some provisions of the Uniform Civil Code implemented in Uttarakhand. Uniform Civil Code means having a uniform law for every citizen living in India, irrespective of their sect, religion, region or caste. Now in Uttarakhand, there will be similar rules for all the people of the state in matters like marriage, divorce, adoption of children and division of property. Since independence, there has been talk of implementing it across the country. Even when the Constitution was being drafted, the issue of whether UCC should be included in the Constitution or not was at the center of the debate, but no consensus could be reached on this. Then Dr. Ambedkar had said that UCC is desirable, but for the time being it should remain voluntary. He made it a part of Article 44 of the Directive Principles of State Policy and left the decision to the future generations of the country. The purpose of Article 44 is to eliminate discrimination against weaker groups and establish harmony among diverse cultural groups across the country. Despite this, 'one country-one law' could not be implemented for such a long time after independence. The countrymen hope that the Modi government can implement it, because this government is known for its strict decisions. There are no different laws on the basis of caste, sect-religion in any reputed democratic country of the world, but in India there are marriage acts of different sects. Because of this, many types of social fabric including marriage, population are also spoiled here. That is why there is a need to bring such equality in the civil laws of the country, which brings all religions, castes, classes and sects in the same system. Till such time this reform is not done in the constitution of the country, India will not be truly secular. Currently, there are two types of personal laws in India. The first is Hindu Marriage Act 1956, which is applicable to Hindu, Sikh, Jain etc. sects. Second, Muslim Personal Law which is applicable to those who believe in Islam. Different laws of different sects put a burden on the judiciary. The implementation of UCC will provide relief from this problem and the decisions pending in the courts will be taken soon. Those opposing UCC are of the opinion that it is like imposing Hindu law on all religions. This is a false allegation, because its objective is clearly to look at everyone equally and do justice. UCC means Secular Civil Code as per the Constitution. Keep in mind that UCC has been implemented in many Muslim majority countries like Malaysia, Turkey, Indonesia and Egypt. The Supreme Court has also commented several times on the implementation of UCC. During the hearing of the Shah Bano case in 1985, the court had said, 'It is sad that Article 44 of the Constitution has become a dead letter.' During the hearing of the Sarla Mudgal case in 1995, the Supreme Court had said, 'How much more time will the government take to fulfill the desire of the Constitution makers expressed under Article 44 of the Constitution? The traditional Hindu law governing succession and marriage has already been bid goodbye by codification in 1955-56. In such a situation, there is no justification for suspending the Uniform Civil Code in the country indefinitely. Some practices violate human rights and dignity. It is cruel to strangle human rights in the name of religion.' During the hearing of the Jan Balvattam case in 2003, he said, 'It is sad that Article 44 has not been implemented till date.' During the hearing of the Saira Bano case in 2017, he said, 'We direct the government to consider making appropriate legislation. We hope that a law will be made keeping in mind the reforms in Sharia in Islamic countries.' Since the Uniform Civil Code is based on the concept of one country-one law, its implementation will give equal rights to people of all communities of the country, promote gender equality, improve the status of women in the country, bring simplicity and clarity in laws and eliminate discrimination based on personal or religious laws. Women's rights are limited in the personal law of some communities. With the implementation of UCC, women will get equal rights as sons on family property and Muslim girls will be prevented from getting married at a young age. There are still many types of divorces happening in the Muslim society, the brunt of which is borne by women. With the implementation of UCC, the divorce process will be the same in all communities.

25 हजार के इनामी दो बदमाश मुठभेड़ में घायल, मुगलपुरा में सर्राफ पर की थी फायरिंग

मुरादाबाद -मुरादाबाद के मुगलपुरा में सर्राफा कारोबारी विशाल रस्तोगी पर फायरिंग करने वाले इनामी बदमाश सौरभ और हिस्ट्रीशीटर रचित को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पैर में गोली लगी है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीसरा आरोपी पीयूष पाल फरार है। उस पर भी 25 हजार का इनाम घोषित किया गया है।मुरादाबाद के मुगलपुरा थाना क्षेत्र में मंडी चौक के पास सोमवार रात कारोबारी विशाल रस्तोगी पर फायरिंग की गई। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज और मंगलवार दोपहर एसएसपी ने हमलावरों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया। मंगलवार रात पुलिस ने तीन हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है।इनमें दो हमलावर सौरभ शर्मा और हिस्ट्रीशीटर रचित शर्मा को पैर में गोली मारकर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मुगलपुरा के मंडी चौक निवासी विशाल रस्तोगी सराफा कारोबारी हैं। उन्होंने मुगलपुरा थाने में दर्ज कराए केस में बताया कि सोमवार रात करीब 11 बजे वह जिम से लौटने के बाद कार खड़ी कर रहे थे।इसी दौरान दो बाइकों पर चार लोग आ गए। बाइक और कार में टक्कर होने से बाल बाल बच गई थी। आरोप है कि इसके बाद बाइक सवारों ने उन पर फायरिंग कर दी। जिसमें वह बाल बाल बच गए थे। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने भी जांच पड़ताल की थी।इसके बाद पुलिस ने मुगलपुरा के गुड़िया मोहल्ला बाजीगरान पीरगैब निवासी सौरभ शर्मा, अभय शर्मा उर्फ छोटू, पीयूष पाल और एक अज्ञात के खिलाफ भी मुगलपुरा थाने में जानलेवा हमले में केस दर्ज किया था। एसएसपी सतपाल अंतिल ने सौरभ, अभय और पीयूष पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया था। इसके बाद मुगलपुरा थाने की पुलिस ने अभय शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ में पता चला कि सोमवार रात फायरिंग करने में उनके साथ कटघर के पीतल बस्ती निवासी हिस्ट्रीशीटर रचित शर्मा भी शामिल था। मंगलवार रात पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी थी। मुगलपुरा क्षेत्र से सौरभ और रचित बाइक से गुजर रहे थे। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद आरोपी बाइक दौड़ाकर कटघर क्षेत्र में गुलाबगाड़ी पुल के पास पहुंच गई। इसी दौरान कटघर थाने की पुलिस ने घेराबंदी शुरू कर दी। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस ने जवाबी फायरिंग करते हुए दोनों को घेर लिया। सौरभ के दाहिनी पैर और रचित के बायीं पैर में गोली लगने से घायल होकर मौके पर ही गिर गए। एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि मुठभेड़ में दो बदमाशों को गोली लगी है। दोनों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। सौरभ पर 25 हजार का इनाम घोषित है। दूसरा आरोपी कटघर थाने से हिस्ट्रीशीटर है। इनका एक साथी पीयूष पाल फरार है। उस पर भी 25 हजार का इनाम घोषित किया है। छह और आरोपियों पर घोषित किया गया 25- 25 हजार का इनाम- जिले के अलग-अलग थानों में दर्ज केसों में फरार चल रहे छह और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। इनाम घोषित होते ही पुलिस के अलावा एसओजी भी इन आरोपियों की तलाश में जुट गई है। एक साल पहले अमरोहा के बछरायूं थाना क्षेत्र के छज्जूपुर माफी निवासी सुशील कुमार के खिलाफ कटघर थाने में जानलेवा हमले समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया था। पुलिस आरोपी की तलाश में कई बार दबिश दे चुकी, लेकिन वह पुलिस के हाथ नहीं आया था। कटघर के संजय नगर गली नंबर तीन निवासी अजय सैनी और डबल फाटक निवासी कमल चौहान के खिलाफ कटघर थाने में केस दर्ज है। इनके अलावा कटघर के दुर्गेश नगर निवासी संजय चौहान, विशाल और हरीश के खिलाफ कटघर थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस इन सभी आरोपियों की तलाश में जुटी है लेकिन आरोपी हाथ नहीं आ रहे हैं। एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि नौ आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

यूपी पुलिस भर्ती: दौड़ लगा रहीं तीन अभ्यर्थी गिरीं, पैर की हड्डी टूटी, दिखा चोट से ज्यादा चूक जाने का दर्द

यूपी पुलिस सिपाही भर्ती की दौड़ में मुरादाबाद में चार महिला अभ्यर्थी गिरकर घायल हो गईं। इनमें से तीन के पैर फ्रैक्चर हो गए। 757 अभ्यर्थियों में से 610 ने दौड़ पूरी की। अभ्यर्थियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।यूपी पुलिस में सिपाही पद पर भर्ती के लिए मंगलवार को दौड़ लगातीं चार महिला अभ्यर्थी गिर गईं। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चेकअप के बाद पता चला कि तीन अभ्यर्थियों के पैर फ्रैक्चर हो गए हैं। अभ्यर्थी के साथ ही उनके अभिभावक भी दुखी नजर आए। एक दिन पहले भी छह युवतियां गश खाकर गिर गई थीं, जिसमें एक अभ्यर्थी के पैर में फ्रैक्चर हो गया था।नौवीं वाहिनी पीएसी के मैदान में सोमवार से सिपाही भर्ती के लिए दौड़ की प्रक्रिया चल रही है। मंगलवार को 800 महिला अभ्यर्थियों को दौड़ में भाग लेना था। इसमें से 43 अभ्यर्थी दौड़ परीक्षा में शामिल नहीं हुईं। 757 अभ्यर्थी दौड़ परीक्षा में शामिल हुईं। 610 अभ्यर्थी ही निर्धारित समय में दौड़ पूरी कर पाईं, जबकि 147 युवतियां तय समय में दौड़ पूरी नहीं कर पाईं।दौड़ के दौरान बिजनौर के पूरनपुर निवासी अनु, बिजनौर के बाकरपुर निवासी उपासना मुरादाबाद के नवीन नगर निवासी उपासना और रामपुर के पीपली निवासी कामिनी गश खाकर गिर गईं। पुलिस कर्मियों ने उन्हें जिला अस्पताल भिजवा दिया। इस दौरान उनके परिजन भी पहुंच गए। चेकअप के बाद पता चला कि उपासना, अनु और आंचल के पैर में फ्रैक्चर हुआ है।सिपाही बनने को दौड़ी 1050 लड़कियां -सिपाही भर्ती परीक्षा के नोडल अधिकारी सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि बुधवार को 1050 लड़कियां दौड़ी। नौवीं पीएसी के मैदान में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं।दौड़ का हिस्सा बनने से चूके अभ्यर्थियों को मिलेगा मौका-नौवीं वाहिनी पीएसी के मैदान में सोमवार से दौड़ परीक्षा शुरू हुई थी। यह परीक्षा 27 फरवरी तक चलेगी। जो अभ्यर्थी दौड़ परीक्षा में भाग नहीं ले पाई हैं, उन्हें 27 फरवरी को दौड़ लगाने का मौका मिलेगा। इसके लिए अभ्यर्थी को लिखित में दौड़ में शामिल न होने का कारण बताना होगा। एसएसपी ने मैदान पर पहुंचकर परखी सुरक्षा एसएसपी सतपाल अंतिल मंगलवार सुबह नौवीं वाहिनी पीएसी के मैदान में पहुंचे और उन्होंने सिपाही भर्ती के लिए चल रही दौड़ परीक्षा को देखा। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी में लगे पुलिस अधिकारी और कर्मियों को ब्रीफ किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए।

अभी पांच माह और जमीन पर रहेगा जहाज, सिर्फ 45 दिन चली उड़ान, पीएम ने किया था उद्घाटन

मुरादाबाद-लखनऊ फ्लाइट सेवा को 15 जुलाई तक रद्द कर दिया गया है। कोहरे और लखनऊ एयरपोर्ट रनवे विस्तार के कारण नवंबर से उड़ानें ठप हैं। फ्लाई बिग कंपनी के पास सीमित विमान होने से अन्य शहरों की सेवाएं भी शुरू नहीं हो पाईं। मुरादाबाद से राजधानी दिल्ली समेत उत्तर प्रदेश के सभी बड़े शहरों की हवाई कनेक्टिविटी का सपना इस साल हवा में ही रहेगा। 15 मार्च तक कोहरे के कारण पहले ही मुरादाबाद से लखनऊ की फ्लाइट निरस्त है। अब लखनऊ एयरपोर्ट पर रनवे विस्तार के कारण 15 जुलाई तक मुरादाबाद से हवाई जहाज नहीं उड़ पाएगा।अगस्त में शुरू हुई हवाई सेवा नवंबर से बंद है। एक तरफ फ्लाई बिग कंपनी मुरादाबाद के लोगों को लखनऊ के अलावा, भटिंडा, गाजियाबाद, कानपुर, देहरादून की फ्लाइट के सपने दिखा चुकी है। दूसरी ओर लखनऊ की फ्लाइट के लिए ही अब चार माह और इंतजार करना पड़ेगा। मूंढापांडे के भदासना स्थित एयरपोर्ट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 मार्च 2024 को वर्चुअल माध्यम से किया था।उड़ान शुरू होने में पांच महीने लग गए और अगस्त 2024 में पहली बार लखनऊ के लिए फ्लाइट गई। तब से अब तक 45 फ्लाइट ही संचालित हो पाई हैं। शुरुआत में सप्ताह में तीन दिन फ्लाइट संचालित हुई। इसके बाद बढ़ाकर छह दिन किया गया। अंत में विमान न होने के कारण इसे घटाकर तीन दिन ही कर दिया। नवंबर से लगातार बाधाओं के कारण संचालन ठप रहा है। हवाई अड्डे पर एडवांस लैंडिंग सिस्टम न होने के कारण कम दृश्यता में विमान हवा में मंडराता रहा। दो दिन लगातार फ्लाइट को लखनऊ वापस लौटना पड़ा। इसके बाद कोहरे का हवाला फ्लाई बिग ने उड़ान रद्द करने की घोषणा की। सूत्रों का कहना है कि फ्लाई बिग कंपनी के पास पर्याप्त संख्या में विमान नहीं हैं। मुरादाबाद-लखनऊ की फ्लाइट का संचालन लगातार होता रहे, यही काफी है। अन्य शहरों के लिए फ्लाइट शुरू करने के लिए कंपनी को और विमान खरीदने होंगे या कोई ठोस प्लान बनाना होगा, जिससे सीमित विमानों में ज्यादा फ्लाइट संचालित हो सकें। फिलहाल कंपनी ने मुरादाबाद में तैनात स्टाफ को दूसरे हवाई अड्डों पर स्थानांतरित कर दिया है। कुल 99 दिनों तक हुई उड़ान, 86 दिनों से बंद मुरादाबाद से लखनऊ के लिए शुरू हुई हवाई सेवा 99 दिनों तक बहाल रही। 99 दिनों में 45 दिन उड़ान भरी गई। लेकिन इससे ज्यादा दिनों तक फ्लाइट बंद रहेगी। फिलहाल 17 नवंबर 2024 से उड़ान बंद है। जो 15 मार्च तक जारी रहेगा। ऐसे में 86दिनों से बंद हवाई सेवा अभी 33 दिन और बहाल नहीं हो सकी है। जुलाई-अगस्त में बारिश बनेगी बाधा एएआई व फ्लाई बिग कंपनी 15 जुलाई से फ्लाइट संचालित करने का दावा कर रहे हैं। जबकि जुलाई-अगस्त में बारिश उड़ान में बाधा बनेगी। विभागीय जानकारों का मानना है कि अब फ्लाइट का संचालन लंबे समय के लिए टल सकता है। सितंबर-अक्तूबर के बाद फिर कोहरा पड़ने लगेगा। मुरादाबाद एयरपोर्ट पर एडवांस लैंडिंग सिस्टम न होने के कारण फिर संचालन बंद हो जाएगा। जब तक कोहरे में कम दृश्यता के बावजूद फ्लाइट की लैंडिंग कराने के लिए एएलएस नहीं लगेगा, तब तर यात्रियों को लगातार फ्लाइट उपलब्ध नहीं हो पाएगी। एएलएस लगने के बाद 500 मीटर दृश्यता में भी विमान उतारा जा सकता है। लखनऊ एयरपोर्ट पर रनवे विस्तार के कारण मुरादाबाद से फ्लाइट का संचालन 15 जुलाई तक नहीं हो पाएगा। यात्रियों को इसकी सूचना दी जा रही है। मुरादाबाद से बेस फेयर 999 होने के कारण काफी यात्री लगातार सफर करते हैं। - आशीष पाल, एयरपोर्ट डायरेक्टर एक नजर हवाई सेवा पर 10 मार्च 2024 को हुआ था उद्घाटन 10 अगस्त 2024 को भरी गई पहली उड़ान 17 नवंबर 2024 से हवाई सेवा बंद 15 मार्च 2025 तक कोहरे के कारण फ्लाइट निरस्त तेंदुए को रोकने के लिए लगाई ग्रिल एयरपोर्ट पर दो बार तेंदुआ प्रवेश कर चुका है। हालांकि दोनों बार वन विभाग की टीम ने पिंजरा लगाकर उसे पकड़ लिया। अब पिछले 15 दिन से एयरपोर्ट पर तेंदुए की हलचल नहीं हुई है। एयरपोर्ट पर कैमरों से लगातार निगरानी हो रही है। साथ ही सभी प्रवेश गेट के नीचे लोहे की ग्रिल लगा दी गई है। पक्षियों का रनवे पर प्रवेश रोकने के लिए भी पटाखे आदि छोड़े जा रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

प्रेमी युगल ने जीती प्यार की जंग, प्रेमी के साथ कोतवाली पहुंची प्रेमिका

ठाकुरद्वारा- प्रेमी के प्यार में पागल प्रेमिका निकाह को लेकर कोतवाली पहुंच गई। जहां पुलिस ने प्रेमी युगल के परिजनों को बुलाया और आपसी सहमति पर प्रेमी युगल को निकाह के लिए राजी हो गए। पुलिस ने प्रेमी युगल की सहमति के बाद दोनों को परिजनों के साथ भेज दिया है। नगर के मोहल्ला निवासी युवती का काफी समय से उत्तराखंड महुआखेड़ा गंज क्षेत्र के गांव निवासी युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसमें युवती ने अपने प्रेमी से शादी करने का मन बना लिया और शादी करने को लेकर कोतवाली पहुंच गई। जहां युवती अपने प्रेमी के साथ शादी की जिद पर अड़ गई। पुलिस ने युवती और युवक के परिजनों को कोतवाली बुलाया। जहां पर दोनों के परिजन निकाह के लिए राजी हो गये। पुलिस ने प्रेमी युगल के बयान दर्ज कर दोनों को परिजनों के साथ भेज दिया।

तेज रफ्तार वाहन ने मुरादाबाद के मजदूर को रौंदा, मौके पर ही तोड़ दिया दम, परिजनों में कोहराम

मुरादाबाद-अमरोहा में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से मुरादाबाद निवासी धर्मपाल सिंह की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अमरोहा में हाईवे पर सड़क पार करते समय तेज रफ्तार वाहन ने मुरादाबाद के रहने वाले मजदूर धर्मपाल सिंह (45) को टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस में पड़ताल की। पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन शव को घर ले गए और अंतिम संस्कार कर दिया। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।धर्मपाल सिंह डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव में किसान के यहां मजदूरी करते थे। वह मूलरूप से मुरादाबाद जनपद के बिलारी थानाक्षेत्र के गांव सरथल के रहने वाले थे। दो भाइयों में बड़े धर्मपाल सिंह के परिवार चार बच्चे हैं। चारों बेटियां हैं। पुलिस के मुताबिक मंगलवार की रात करीब आठ बजे धर्मपाल सिंह किसी काम से डिडौली आए थे।इस दौरान सड़क पार कर रहे थे। तभी, तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में धर्मपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें जोया के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही धर्मपाल सिंह के परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि मामले में परिजनों की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

संगम की बूंदों में उफनाया माघी पूर्णिमा का अनंत विश्वास, आस्था के तटबंधों को तोड़कर उमड़ा जन सागर

माघी पूर्णिमा पर संगम में आस्था की अनंत बूंदों में श्रद्धालुओं ने भक्ति की डुबकी लगाई। विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक आयोजन में हिस्सा बनने के लिए देश के कोने-कोने से श्रद्धालु संगम की रेती पर पहुंच रहे हैं।पूजहिं माधव पद जलजाता/ परसि अखय बटु हरषहिं गाता...। संत तुलसी की इस चौपाई का आशय है कि गंगा,यमुना और अदृश्य सरस्वती की पावन त्रिवेणी में डुबकी लगाकर ऋषि-मुनि,देव-दनुज सभी संगम रूपी स्वामी भगवान श्रीहरि माधव के चरण साथ ही अक्षयवट का स्पर्श कर उनके मिट जाते हैं। विश्व के सबसे बड़े पांचवें सबसे बड़े स्नान पर्व माघी यही महिमा जगव्यापी श्रद्धा की में साकार हुई। आधी रात से ही माघी मचलता जन सागर दिन भर आस्था लिए आतुर रहा।मेला प्रशासन ने दोपहर 42 घाटों पर 1.83 करोड़ श्रद्धालुओं किसी ने सूर्योदय का इंतजार किया न के सुरम्य तट पर हर कोई प्रयाग में माघी की ललक लिए डुबकी मारने लगा। न कपड़े रखने की जगह थी न ठिठकने झोला तो किसी का कपड़ा और किसी रहे।उसी बीच में पुरोहितों-संतों की कर रही थीं और घंट-घड़ियाल के बीच भी हर अंतस को छूती रहीं। भक्ति के दिव्य आभा ने संगम से लेकर चार नगर के शिविरों से निकले रास्तों पर

सिंहासन पर विराजमान जगत के कमल को पूज कर धन्य हो जाते हैं। तन-मन के ताप-संताप हमेशा के लिए सांस्कृतिक आयोजन महाकुंभ के पूर्णिमा पर एक बार फिर संगम की अमृतमयी बूंदों के स्पर्श की अकुलाहट पूर्णिमा की पावन डुबकी के लिए के तटबंधों को तोड़कर छलकने के दो बजे तक 12 किमी लंबे संगम के के डुबकी लगाने का दावा किया। न पुण्यकाल का। आधी रात त्रिवेणी पूर्णिमा की महिमा का पुण्य बटोरने खचाखच भीड़ की वजह से रेती पर की। उसी जन सैलाब में किसी का के परिवारीजन आंखों से ओझल होते शंखध्वनियां भी तन-मन को पुलकित आस्था, विश्वास और भक्ति की लहरें अनंत सागर से निकली आस्था की हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में बसे महाकुंभ हर तरफ अद्भुत छटा बिखेर दी। पौ फटते ही पूरब की लाली से फूटी किरणें संगम की लहरों पर उतर कर हर तन-मन में शक्ति और उल्लास का संचार करने लगीं। पुण्य की डुबकी लगाने के साथ ही उन्हीं लहरों पर लोक मंगल के गीत गाए जाते रहे।मनाही के बावजूद संगम पर सौभाग्य के दीप भी जलते रहे और दुग्धाभिषेक भी होता रहा। तिलक-त्रिपुंड लगाने वाले पुरोहितों के चेहरे की मुस्कान देखते बन रही थी। बिहार के बक्सर और झारखंड के गढ़वा स्थित डालटनगंज से ढोल-हारमोनियम लेकर आए श्रद्धालु समूहबद्ध होकर संगम जाने वाले रास्तों पर कीर्तन करते रहे। अलग-अलग भाषा, पहनावा और संस्कृतियों के रंग आपस में इस तरह उल्लसित होकर मिल रहे थे, जैसे वर्षों की चाह पूरी हो रही हो। बच्चे मम्मी-पाप के कंधे पर सवार थे तो महिलाएं अपने पति या पुत्रों का हाथ थाम कर संगम में नहाने पहुंची थीं। संगम पर पुण्य रूपी कमाई को अर्जित करने के लिए ऐसा ही समागम महाकुंभ में हर तरफ नजर आया। वर्षों बाद महाकुंभ में माघी पूर्णिमा पर कुंभ संक्रांति लगने की वजह से झूंसी से लेकर फाफामऊ, नैनी तक के रास्तों पर जन ज्वार उमड़ता रहा।एक तरफ डुबकी का उल्लास और दूसरी ओर कल्पवास के मास पर्यंत अनुष्ठानों की पूर्णाहुति ने महाकुंभ में भक्ति के रंग को और गाढ़ा कर दिया। शिविरों में रात भर अखंड रामायण पाठ और कीर्तन शुरू हो गए थे। कथा और सत्संग रूपी ज्ञान का प्रवाह गंगा-यमुना के भक्ति और प्रेम में समाहित होकर अलग त्रिवेणी रचता रहा। सेक्टर 19 स्थित राधा आध्यात्मिक सत्संग समिति के शिविर में डॉ. अमिता राधाचार्या ने माघ महात्म्य पर विस्तार से चर्चा की। संगम विश्व धरोहर अभियान को लेकर प्रयागराज सेवा समिति के शिविर में सत्यनारायण भगवान की कथा के साथ ही मास पर्यंत अनुष्ठानों की पूर्णाहुति हुई।संतों-भक्तों और कल्पवासियों पर अफसरों ने बरसाए 42 कुंतल फूल माघी पूर्णिमा स्नान पर्व पर सुबह ही हेलिकॉप्टर से श्रद्धालुओं, संतों और कल्पवासियों पर पुष्पवर्षा आरंभ हो गई। अफसरों ने संगम समेत गंगा के सभी स्नान घाटों पर शाम तक 42 कुंतल गेंदा, गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा की। इस दौरान पुष्पवर्षा से पुलकित होकर श्रद्धालु गगनभेदी जयकारे भी लगाते रहे।1.83 करोड़ श्रद्धालुओं के दोपहर तक डुबकी लगाने का दावा 42 स्नान घाटों पर माघी पूर्णिमा की लगी डुबकी 50 हजार सुरक्षाकर्मियों ने संभाली 25 सेक्टरों में बसी तंबुओं की नगरी की कमान 38 आला अफसरों की सुगम स्नान के लिए शासन ने की थी अतिरिक्त तैनाती 03 एडीजी और तीन आईजी भी माघी पूर्णिमा स्नान पर्व कराने के लिए अलग से किए गए थे तैनात

मुरादाबाद में भी कई 'अल्लाहबादिया', उन पर दर्ज हो चुके हैं केस, रणवीर का पुतला फूंका...कार्रवाई की मांग

यूट्यूबर्स की फूहड़ता और आपत्तिजनक टिप्पणियों पर मुरादाबाद में कई केस दर्ज हो चुके हैं। महिलाओं व देवी-देवताओं पर भद्दे कमेंट्स के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किए गए। अब लोगों ने माता-पिता पर आपत्तिजनक टिप्पणी करके विवादों में घिरे यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। इंडिया गॉट लैटेंट के हालिया शो में एक प्रतिभागी के माता-पिता पर आपत्तिजनक टिप्पणी करके विवादों में घिरे यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया इन दिनों चर्चाओं में हैं। मुरादाबाद में भी कई रणवीर अल्लाहबादिया जैसे यूट्यूबर हैं, जिन्होंने आपत्तिजनक और फूहड़ता भरे वीडियो बनाए। अपने सोशल मीडिया इन्होंने आपत्तिजनक टिप्पणी की, साथ लाइंस और पाकबड़ा में इन यूट्यूबर पर 14 जनवरी को रामगंगा विहार स्थित टीम) नाम से चैनल चलाने वाले लाइव शो किया था।कार्यक्रम के दौरान टिप्पणी की थी। शो के दौरान जो भद्दे मीडिया पर वायरल किया था। इस आमिर और दानिश के खिलाफ केस टू हेल में देवी देवताओं पर अभद्र वसीम के खिलाफ केस दर्ज किया गया गया था। इस मामले में पुलिस ने वसीम फरमान ने भी देवी देवताओं पर यूट्यूबर के खिलाफ केस दर्ज किया हैं, जिन्होंने फूहड़ और आपत्तिजनक फेसबुक, यूट्यूब, एक्स और इंस्टाग्राम पाने के लिए वीडियो सोशल मीडिया टिप्पणी वाले वीडियो नहीं बनाने

अकाउंट से शेयर भी किया।महिलाओं पर ही धर्म को लेकर भी अपशब्द कहे। सिविल केस भी दर्ज किए जा चुके हैं। पिछले साल एमआईटी में यूट्यूब पर टीआरटी (टॉप रियल आमिर और दानिश ने अपनी टीम के साथ इन दोनों ने महिलाओं पर आपत्तिजनक कमेंट्स किए गए, उसका वीडियो सोशल मामले में सिविल लाइंस थाने में यूट्यूबर दर्ज किया था। इससे पहले यूट्यूब चैनल राउंड टिप्पणी करने के मामले में चैनल के मालिक था। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया को गिरफ्तार किया था। पाकबड़ा में यूट्यूबर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस मामले में गया है। इनके अलावा भी कई और यूट्यूबर टिप्पणी करते हुए वीडियो बना रहे हैं। इन्होंने पर अकाउंट बना रखे हैं। लाइक्स और कमेंट्स पर वायरल कर रहे हैं। फूहड़ और आपत्तिजनक चाहिए। साफ सुथरी वीडियो को भी लोग पसंद करते हैं, लेकिन कुछ यूट्यूबर जल्द पहचान बनाने के चक्कर में ऐसे वीडियो बना रहे हैं। हमारे चैनल पर करीब डेढ़ करोड़ लोग जुड़े हैं। हम फैमिली कॉमेडी बनाते हैं, जिसे लोग बहुत पसंद कर रहे हैं। - हिमांशु रस्तोगी, अनंत रस्तोगी यूट्यूब चैनल- शो के दौरान किसी सवाल के जवाब में इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। यूट्यूब पर विकास मुरादाबादी के नाम से मेरा चैनल है। लोगों को जानकारी देने वाले वीडियो बनाता हूं। शहर की इमारतों, खाने पीने के स्टाल के बारे में जानकारी दी जाती है। इससे लोग बहुत पसंद कर रहे हैं। यूट्यूब, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर 40 लाख से ज्यादा लोग जुड़े हैं। - विकास मुरादाबादी, यूट्यूब पर विकास मुरादाबाद नाम से चैनल- रणवीर का पुतला फूंका, कार्रवाई की मांग- टीपी नगर चौराहे के पास यूथ कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रणवीर इलाहाबादिया और उनकी टीम का पुतला फूंका। यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव हसन जैदी के नेतृत्व में मंगलवार दोपहर कार्यकर्ता टीपीनगर चौराहे के पास एकत्र हुए। उन्होंने यहां यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया और उसकी टीम का पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन से यूट्यूबर इलाहाबादिया और उनकी टीम के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भिजवाने की मांग की। इस दौरान अदनान अमन, असद खान समेत अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी मौजूद रहे। अल्लाहबादिया का सोशल मीडिया अकाउंट बंद हो कांग्रेस के यूथ जिलाध्यक्ष दानिश सैफी ने पुलिस को तहरीर देकर रणवीर अल्लाहबादिया पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनके सभी अकाउंट बंद कराने की मांग की है। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया, समय रैना और अपूर्वा मखीजा ने अपने एक शो में महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की है, जो निंदनीय है।

सीएम योगी बोले- जो लोग कुंभ की व्यवस्थाओं पर उठा रहे थे सवाल, अब खुद ही चुपचाप डुबकी लगाकर आ रहे

सीएम योगी ने बुधवार को बागपत में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय अजित सिंह की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधा। छपरौली के श्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रालोद के संस्थापक व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. चौधरी अजित सिंह की इसके साथ ही सीएम ने 351 करोड़ की 281 विकास परियोजनाओं जयंत सिंह उनके साथ रहे।सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वेस्ट किया है। चौधरी अजित सिंह भी कहते थे कि देश के विकास का किसानों के हित की दिशा में काम कर रहे हैं।सीएम ने कहा कि जो लगाकर आ रहे हैं। 26 फरवरी तक कुंभ भव्यता से चलता रहेगा और लगा लगेंगे। सीएम ने कहा कि पहले पुलिस की भर्ती निकलती थी, पुलिस भर्ती चल रही है और बिना भेदभाव के सभी जिलों के युवाओं का नौजवान तो अपनी ताकत दिखाएगा ही, हमने इसमें 20 फीसदी ट्रेनिंग शुरू हो जाएगी। इसी साल में यूपी पुलिस को 60 हजार नए

प्रतिमा का बुधवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने अनावरण किया। का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। केंद्रीय राज्यमंत्री चौधरी यूपी के किसानों ने खेती की उन्नत तकनीक अपनाकर अपना विकास रास्ता खेत और किसान से होकर गुजरता है। उसी से प्रेरणा लेकर हम लोग कुंभ की व्यवस्थाओं पर अंगुली उठा रहे थे, वे अब चुपचाप डुबकी श्रद्धालु लाभ उठाते रहेंगे। महाकुंभ में कल तक 50 करोड़ लोग डुबकी लेकिन नौजवान को नौकरी नहीं मिलती थी। हमारी सरकार में अब को उनकी प्रतिभा के आधार पर चयनित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश नौकरी बेटियों के लिए आरक्षित कर दी हैं। अगले दो महीने में इनकी पुलिसकर्मी मिलेंगे।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

संक्षिप्त समाचार

आचार्य सत्येंद्र दास के निधन से अयोध्या के संत धर्माचार्य शोकाकुल, महंत नृत्य गोपाल ने दी श्रद्धांजलि

श्री रामजन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास के निधन पर अयोध्या के संत धर्माचार्यों ने शोक व्यक्त किया है।

